ISSN 0972 - 799X
जुलाई–दिसम्बर 2024

गन्ना उत्पादन तकनीकी (गन्ना खेती)

षट्मासिक पत्रिका

उ.प्र. गन्ना शोध परिषद्
शाहजहाँपुर – 242001

गन्ना उत्पादन तकनीकी
(गन्ना खेती)

ISSN 0972 - 799X

षट्मासिक पत्रिका

वार्षिक सदस्यता

व्यक्तिगत	₹ 300/—
संस्थागत	₹ 1500/—

आजीवन सदस्यता

व्यक्तिगत	₹ 2400/—
संस्थागत	₹ 3500/—
मूल्य प्रति अंक	₹ 100/—

पत्रिका का यह अंक
उ0प्र0 गन्ना शोध परिषद् की
वेबसाइट www.upcsr.org पर उपलब्ध है।

वर्ष : 22, अंक : 2
जुलाई - दिसम्बर 2024

प्रेरणा : **श्री योगी आदित्य नाथ**
माननीय मुख्य मंत्री
उत्तर प्रदेश

प्रोत्साहन : **श्री लक्ष्मी नारायण चौधरी**
माननीय मंत्री
चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास विभाग
उत्तर प्रदेश

श्री संजय कुमार गंगवार
माननीय राज्यमंत्री
चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास विभाग
उत्तर प्रदेश

संरक्षक : **श्रीमती वीना कुमारी, आई.ए.एस.**
प्रमुख सचिव
चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास विभाग
उत्तर प्रदेश

श्री प्रभु एन. सिंह
गन्ना एवं चीनी आयुक्त
उत्तर प्रदेश

प्रमुख सम्पादक : **श्री वी.के. शुक्ल**
निदेशक
उत्तर प्रदेश गन्ना शोध परिषद्
शाहजहाँपुर

प्रकाशन समिति

डा. अजय कु. तिवारी	—	वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी
डा. एस.के. विश्वकर्मा	—	वैज्ञानिक अधिकारी
डा. एन.एन. सक्सेना	—	वरिष्ठ पुस्तकालयाध्यक्ष
डा. एस.के. पाठक	—	प्रसार अधिकारी

कोषाध्यक्ष : श्री विवेक कुमार शुक्ला
वरिष्ठ सांख्यिकी सहायक, शाहजहाँपुर
प्रचार–प्रसार : डा. एस.के. पाठक,
प्रसार अधिकारी, शाहजहाँपुर

प्रकाशन : उ.प्र. गन्ना शोध परिषद्, शाहजहाँपुर-242001

अनुक्रमणिका

क्र.सं.	विवरण	पृष्ठांकन
1.	गन्ने की पत्तियों में पीलापन के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा निर्देश वी.के. शुक्ल	1–3
2	कोलख 94184 (बीरेंद्र): भारत के उत्तर–मध्य व उत्तर–पूर्व क्षेत्र के लिए प्रचलित अगेती गन्ना किस्म संजीव कुमार एवं इन्दु	4–6
3	अगेती किस्म को.शा. 13231 एवं मध्य देर किस्म को.शा. 16233 की पहचान एवं विशेषताएँ अरविन्द कुमार, एम.एम. दास, एन.के. कर्मा एवं वी.के. शुक्ल	7–10
4	कोलख 15207 (इक्षु–12) : उपोष्णकटिबंधीय भारत के उत्तर पश्चिमी क्षेत्र हेतु मध्य – देर से पकने वाली नई गन्ना किस्म संजीव कुमार एवं इन्दु	11–13
5	गन्ना फसल को प्रभावित करने वाले मुख्य रोगः आर्थिक प्रभाव एवं निवारण मो० मिन्नतुल्लाह, पीयूष कुमार, शिव पूजन सिंह, अजित कुमार एवं सुनीता कुमारी मीणा	14–22
6	जैविक नियंत्रणः गन्ने में एकीकृत कीट प्रबंधन का एक महत्वपूर्ण अंग पी.एस. शेरा और के.एस. संघा	23–25
7	ट्राइकोडर्मा : एक प्रभावी जैव नियंत्रण माध्यम मो० मिन्नतुल्लाह, पीयूष कुमार, सुनीता कुमारी मीना, डी.एन. कामत, अजीत कुमार एवं शिव पूजन सिंह	26–28
8	गन्ने की खेती में मशीनीकरण का प्रयोग अर्चना सिराड़ी एवं सुभाष चंद्र सिंह	29–31
9	किसान चीनी को खेतों में न छोड़े : जमीन की सतह से गन्ने की कटाई कर समुचित लाभ उठावे डी.एन. कामत, सागर वर्मा, मो० मिन्नतुल्लाह, सुनीता कुमारी मीना, दिनेश कुमार सिंह एवं सुशील कुमार सिंह	32–33
10	गन्ना खेती–माह जुलाई से दिसम्बर में समसामायिक कार्य अनिल कुमार सिंह	34–35
11	गन्ना उत्पादन हेतु मिट्टी में जैविक खादों के समावेश की आवश्यकता सुनीता कुमारी मीना, अजीत कुमार, मो० मिन्नतुल्लाह, डी० एन० कामत एवं पीयूष कुमार	36–39

वर्ष–22, अंक 2, 2024

गन्ने की पत्तियों में पीलापन के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा निर्देश

वी.के. शुक्ल
निदेशक, उ.प्र. गन्ना शोध परिषद, शाहजहाँपुर

गन्ने की पत्तियों में पीलापन का कारण व लक्षण

- गन्ने की विभिन्न स्वीकृत गन्ना किस्मों व अस्वीकृत गन्ना किस्मों (को. 11015, को. 15027, को.वी.एस.आई. 8005, को.वी.एस.आई. 3102, को.वी.एस.आई. 0434) की पत्तियों में पीलापन देखा जा रहा है।
- गन्ना किस्मों में **उकठा रोग के प्रारम्भिक (प्री–विल्टिंग) व स्पष्ट लक्षण** तथा **जड़ बेधक कीट का आपतन अलग–अलग तथा दोनों का संयुक्त रूप** से भी देखाई दे रहा है।
- जड़ बेधक का प्रकोप उकठा रोग से प्रभावित गन्नों के साथ हरे गन्नों में भी देखा जा रहा है। उकठा रोग के साथ जड़ बेधक दोनों का एक साथ पाया जाना एक संयोग मात्र आकस्मिक घटना है।

उकठा मृदा–जनित रोग है जो फ्यूजेरियम सैकेरी फफूँद से पनपता है। सामान्यतः उकठा व जड़ बेधक के कारण जड़ व तना की कोशिकाओं के नष्ट होने से पोषक तत्वों का मुक्त प्रवाह अवरूद्ध हो जाता है, जिससे पौधों की पत्तियाँ पीली होने के साथ मुरझाने लगती है।

उकठा रोग के प्रारम्भिक लक्षण (प्री–विल्टिंग)

प्रतिकूल असामान्य मौसम की स्थिति

सामान्य से कम वर्षा, कम आर्द्रता (लगभग 50 से 60 प्रतिशत), मृदा में नमी का अभाव, दिन में उच्च तापमान (30 से 35 डिग्री सेल्सियस) व सूखे जैसे प्रतिकूल स्थिति तथा उच्च तापमान की लम्बी अवधि (Long span) व कुछ–कुछ अंतराल पर कम बारिश का होना भी उकठा रोग व जड़ बेधक कीट के आपतन के लिए अनुकूल होता है।

उकठा रोग के प्रारम्भिक (प्री–विल्टिंग) स्पष्ट वाह्य लक्षण।

उकठा रोग (विल्ट) के पहचान के लक्षण

गन्ने की फसलों में उकठा रोग के लक्षण निम्न प्रकार से दिखाई देता है।

1. इस रोग के लक्षण लगभग 5 माह (Grand growth phase) की फसल में दिखती है।
2. संक्रमित गन्ने की फसल समूह या पैच में पत्तियों का रंग पीला और बदरंग होने के बाद अत्यधिक पीलापन वाले पौधे सूखने लगते हैं।

3. लक्षण सर्वप्रथम पत्तियों की अग्र भाग में दिखता है व धीरे–धीरे ऊपर से मुरझाना शूरू कर देती है तथा बाद में काली/भूरी पड़ जाती हैं।
4. अत्यधिक पीलापन वाले गन्ने के तने को फाड़ने पर नीचे से जड़ व तने वाले हिस्से में हल्के गुलाबी या लाल रंग (Reddish) की धारियाँ व जड़ के आन्तरिक भाग में लाल धब्बे भी दिखाई देते हैं। तने के अन्दर का हिस्सा पूर्णतः लाल होने के साथ लाल रंग की धारियाँ कई पोरियों से गुजरती हुई ऊपर तक चली जाती है। बाद में पिथ में नाव के आकार की कैविटी बनने लगती है।
5. प्रभावित गन्ने से कोई गंध महसूस नही होती है, तथा तनों में सिकुड़न दिखने लगता है।
6. संक्रमित पत्तियों की मध्य शिराएँ भी पीली हो जाती हैं।

गन्ने की फसल में अत्यधिक पीलापन

उकठा रोग व जड़ बेधक कीट के प्रबन्धन हेतु सुझाव

खड़ी फसल में–

- खड़ी गन्ने की फसल में जड़ के पास सिस्टेमिक फफूँदनाशी थायोफेनेट मिथाईल 70 डब्लू. पी. का 1.3 ग्राम प्रति लीटर पानी (520 ग्राम + 400 लीटर पानी प्रति एकड़) अथवा कार्बेन्डाजिम 50 डब्लू.पी. का 2 ग्राम प्रति लीटर पानी (800 ग्राम + 400 लीटर पानी प्रति एकड़) की दर से घोल बनाकर 15 से 20 दिनों के अन्तराल पर दो बार ड्रेचिंग करें और प्रयोग के बाद हल्की सिचाई कर दें।

  जड़ों के पास मृदा के वातावरण में उपलब्ध लाभदायक सुक्ष्म जीवों की क्रियाशीलता सुनिश्चित करने हेतु ब्लीचिंग पाउडर का प्रयोग न करें।
- जड़ बेधक के नियन्त्रण हेतु पर्याप्त नमी की अवस्था में फिप्रोनिल 0.3 जी 10–12 किलोग्राम अथवा क्लोरपाइरीफॉस 20 प्रतिशत ई.सी. 2 लीटर अथवा क्लोरपाइरीफॉस 50 प्रतिशत ई. सी. 1 लीटर अथवा इमिडाक्लोप्रिड 17.8 एस.एल. 200 मिली. अथवा बाइफेन्थ्रिन 10 ई.सी. का 400 मिली प्रति एकड़ की दर से 750 लीटर पानी के साथ मिलाकर ड्रेन्चिग करें।

पत्तियों का ऊपर से धीरे–धीरे मुरझाना

उकठा रोग (विल्ट) के पहचान के आन्तरिक लक्षण

गन्ने में जड़ बेधक के लक्षण

जड़ बेधक+उकठा रोग के लक्षण

आगामी फसल में रोग से बचाव के उपाय–

- स्वस्थ बीज का अनिवार्य रूप से बुआई करके रोग के प्राथमिक संक्रमण से बचा जा सकता है।
- रोग से प्रभावित खेतों में फसल चक्र के अन्तर्गत अन्य फसलों की अनिवार्य रूप से बुआई करें।
- उत्तर प्रदेश के लिए स्वीकृत रोग–रोधी गन्ना किस्मों की ही बुआई करें।
- गन्ने के बीज के टुकड़ों को 0.1 प्रतिशत कार्बेन्डाजिम 50 डब्लू.पी. अथवा थायोफेनेट मिथाईल 70 डब्लू.पी. तथा इमिडाक्लोप्रिड 17.8 एस.एल. (0.5 मिली + 1 लीटर पानी) कीटनाशक के साथ पारम्परिक विधि द्वारा 10–30 मिनट तक शोधन या भिगोकर अवश्य बुआई करें।
- एक या दो आँख के टुकड़ों 0.1 प्रतिशत कार्बेन्डाजिम 50 डब्लू.पी. अथवा थायोफेनेट मिथाईल 70 डब्लू.पी. के साथ सेट ट्रीटमेन्ट डिवाइस में 30 मिनट तक से उपचारित अवश्य करें।
- उकठा रोग से बचाव हेतु मृदा में बोरेक्स (बोरिक एसिड) की 6 किलोग्राम तथा जिंक सल्फेट की 10 किलोग्राम प्रति एकड़ की दर से प्रयोग अवश्य करें।
- मृदा के जैविक उपचार हेतु बुआई के समय जैव–नियन्त्रक ट्राइकोडर्मा हारजिएनम को 4 किलोग्राम प्रति एकड़ की दर से 40–80 किलोग्राम कम्पोस्ट खाद के साथ मिलाकर खेत की तैयारी अथवा गन्ना बुआई के समय नालियों में तथा व्यांत व ग्रोथ अवस्था में अवश्य प्रयोग करें।
- ट्राइकोडर्मा किसी अधिकृत स्रोत से ही प्राप्त करें और इसके वैद्यता तिथि का भी ध्यान रखें।
- जड़ बेधक तथा अन्य कीट के नियन्त्रण हेतु बुआई के समय गन्ने के टुकड़ों पर प्रति एकड़ की दर से फिप्रोनिल 0.3 जी 8 किलोग्राम अथवा क्लोरपाइरीफॉस 20 प्रतिशत ई.सी. 2 लीटर अथवा क्लोरपाइरीफॉस 50 प्रतिशत ई.सी. 1 लीटर अथवा इमिडाक्लोप्रिड 17.8 एस.एल. 200 मिली. अथवा बाइफेन्थ्रिन 10 ई.सी. का 400 मिली को 750 लीटर पानी के साथ मिलाकर ड्रेन्चिग करें।

  एक निश्चित समय अन्तराल पर खेतों में आवश्यकतानुसार सिचाई करते रहें।

कोलख 94184 (बीरेंद्र): भारत के उत्तर–मध्य व उत्तर–पूर्व क्षेत्र के लिए प्रचलित अगेती गन्ना किस्म

संजीव कुमार एवं इन्दु
फसल सुधार विभाग
भाकृअनुप–भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान, लखनऊ
Email: sanjeev.kumar6@icar.gov.in

परिचय:

'कोलख 94184' एक उच्च शर्करायुक्त अगेती किस्म है। इस किस्म को उत्तर–मध्य व उत्तर–पूर्व क्षेत्र विशेषतः पूर्वी उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल एवं असम आदि राज्यों में अगेती किस्म के रूप में सफलतापूर्वक उगाया जा सकता है। वर्तमान में, इस किस्म की खेती उत्तर प्रदेश व बिहार में बहुत बड़े क्षेत्रफल में की जा रही है। वर्ष 2023–24 में उत्तर प्रदेश मे ही कोलख 94184 का क्षेत्रफल लगभग 2.60 लाख हेक्टेयर से अधिक था। इस किस्म को जल प्लावित क्षेत्रों में भी सफलतापूर्वक उगाया जा सकता है। यह किस्म कम पानी में अधिक पैदावार देने में सक्षम है। 'कोलख 94184' में शीघ्र परिपक्वता और अच्छी उत्पादन क्षमता जैसी दो वांछनीय विशेषताएं हैं। इस किस्म में उच्च शर्करा के साथ साथ रेशे की मात्रा भी अधिक पायी जाती है जो कि एक दुर्लभ संयोजन है। इन्ही विशेषताओ के चलते यह किस्म जैविक एवं अजैविक तनावों के प्रति अवरोधी एवं सहनशील है। इस किस्म की पेड़ी भी बहुत उत्तम होती है।

प्रजनन तकनीक

'कोलख 94184' (बीरेंद्र) किस्म को राष्ट्रीय संकरण उद्यान, गन्ना प्रजनन संस्थान कोयंबटूर तमिलनाडु में भाकृअनुप –भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान, लखनऊ द्वारा विकसित की गई एक पुरानी किस्म 'कोलख 8001' में स्व–परागण से प्राप्त संतति से चयन करके विकसित किया गया है। इस किस्म को वर्ष 2008 में फसल मानक, अधिसूचना और कृषि फसलों की किस्म जारी करने वाली केंद्रीय उपसमिति द्वारा उत्तर–मध्य व उत्तर–पूर्व के क्षेत्र में खेती हेतु संस्तुत किया गया तथा जिसकी अधिसूचना भारत के राजपत्र का०आ० 2458 (अ) के द्वारा की गई।

गन्ना उपज क्षमता एवं रस गुणवत्ता

'कोलख 94184' किस्म की औसत गन्ने की उपज 75.97 टन प्रति हेक्टेयर तक होती है। यह एक उच्च शर्करायुक्त किस्म है, जिसमें बुआई के 10 माह बाद कटाई के समय रस में शर्करा की औसत मात्रा 17.97 प्रतिशत तक पायी जाती है। इस किस्म की पेड़ी फसल भी बहुत अच्छी होती हैं।

कोलख 94184 की मुख्य विशेषताएं

विमोचन वर्ष	2008
पैत्रिकता	कोलख 8001 (स्वपरागित)
परिपक्वता समूह	अगेती
औसत गन्ना उपज (टन प्रति हेक्टयर)	75.97
औसत सी. सी. एस. उपज (टन प्रति हेक्टयर)	9.28
पोल प्रतिशत केन	13.63
औसत शर्करा प्रतिशत (10 माह)	17.97
लाल सड़न के प्रति अवरोधिता	मध्यम अवरोधी
पेड़ी	उत्तम एवं बहु–पेड़ी हेतु उपयुक्त
जलप्लावित दशाओं के प्रति सहनशीलता	सामान्य दशा के साथ साथ निचले तथा जलप्लावित क्षेत्रो हेतु एक उत्तम किस्म
संस्तुत क्षेत्र	उत्तरमध्य एवं उत्तर पूर्वी क्षेत्र
(उत्तर प्रदेश एवं बिहार राज्य द्वारा अंगीकृत)	

कीट और रोग प्रतिक्रिया

लाल सड़न रोग के प्रतिरोध के संबंध में, 'कोलख 94184' किस्म मध्यम रोगरोधी है। यह किस्म उत्तर–मध्य और उत्तर–पूर्व के क्षेत्रों के प्रमुख कीटों के प्रति 'कम संवेदनशील' है।

जलप्लावित क्षेत्रो के लिए सर्वोत्तम किस्म

गन्ना एक लम्बी अवधि की फसल है जो अलग अलग समय पर विभिन्न जैविक एवं अजैविक तनावों से प्रभावित होती है। कोलख 94184 एक ऐसी किस्म है जो प्रारम्भ मे किल्लो की अवस्था पर सूखा के प्रति सहन शील है वही बढ़वार के दिनो जब कई क्षेत्रो में जलप्लावन की समस्या होती है तो उन क्षेत्रो मे यह किस्म अच्छे परिणाम देती है। जैसा कि हम जानते है हमारे पूर्वी उत्तरप्रदेश एवं बिहार का बहुत बड़ा हिस्सा जलप्लावन की समस्या से ग्रसित है। कोलख 94184 इन जल प्लावित क्षेत्रो मे बहुत बड़े पैमाने पर उगाई जा रही है। पूर्वी उत्तर प्रदेश कुछ चीनी मिलो मे कोलख 94184 का क्षेत्रफल उनके कुल गन्ना क्षेत्रफल का 50 प्रतिशत से ज्यादा है। ऐसे मे इनको सलाह दी जाती कोलख 94184 को केवल निचली जगह जलप्लावित वाले क्षेत्रो मे ही उगाये तथा ऊपरी क्षेत्रो मे दूसरी किस्मों को लगाए जिससे किस्मीय संतुलन बना रहेगा जो कि गन्ने की लाभकारी खेती के लिए आवश्यक है।

किस्म पहचान के लक्षण (डी.यू.स. लक्षण)

तालिका 1 के अंतर्गत किस्म का डी.यू.स. परीक्षण के दौरान दर्ज किये गए लक्षणों की विभिन्न अवस्थाओ को दर्शाया गया है। इस किस्म का अगोला हरा और पत्ती सीधी खड़ी होती है। 'कोलख 94184' किस्म की पौध ऊंचाई मझौली एवं पत्रदल का घुमाव सीधा होता है। इस किस्म मे गांठ की आकृति पंचभुजाकर एवं मझौली होती है। किस्म मे अंतरगांठ गूदा उपस्थित होता है।

'कोलख 94184' किस्म का विभिन गुणों का चित्रण ।

तालिका 1 : गन्ना किस्म 'कोलख 94184' के डी.यू.स. गुणों का मूल्यांकन।

क्रमांक	गुण	अवस्था
1.	पौधाः बढवार स्वभाव	सीधा
2.	पत्राच्छद : रोमिलता	अनुपस्थित
3.	पत्राच्छद : जीभिक की आकृति	त्रिकोणाकार
4.	पत्राच्छद : आंतरिक पालि की आकृति	इन्सिपिएंट
5.	पत्राच्छदः ड्यूलप का रंग	पीलापन लिए हुए हरा
6.	पत्रदल : घुमाव	सीधा
7.	पत्रदल : चौड़ाई	मध्यम
8.	पौधाः पत्राच्छद का चिपकना	सबल (कड़ी जकड़न)
9.	अंतरगांठ : रंग (धूप के संपर्क मे नहीं)	हल्का पीला
10.	अंतरगांठ रंगः (धूप के संपर्क मे)	हरा पीला
11.	अंतरगांठः व्यास	मध्यम
12.	अंतरगांठः आकृति	बेलनाकार
13.	अंतरगांठः टेढ़ा दृमेढ़ा समायोजन	अनुपस्थित
14.	अंतरगांठः बढवार चटक (फुटाव)	अनुपस्थित
15.	अंतरगांठ : छिलके की सतही दिखावट	चिकनी
16.	अंतरगांठः मोमियापन	हल्का
17.	गांठ : कली की आकृति	पंचभुजाकर
18.	गांठ : कली का आकार (शीर्ष से कली के आधार तक की नाप)	मझौली
19.	गांठ : कलिका खांचा	अनुपस्थित
20.	गांठ : कलिका आधार (कलिका आधार तथा पत्ती के बीच का स्थान)	उपस्थित
21.	गांठ : वृद्धि छल्ले के संधरभ मे कलिका शीर्ष	बढवार छल्ले के नीचे
22.	गांठ : बढवार छल्ले की प्रमुखता	सबल (फूला हुआ)
23.	गांठ : मूल पट्टी की चौड़ाई (कलिका के विपरीत दिशा मे)	मध्यम
24.	अंतरगांठ : अनुप्रस्थ काट	गोल
25.	अंतरगांठः गूदा	उपस्थित
26.	पौधाः प्रति स्टूल मिल (योग्य गन्नों की संख्या)	उच्च
27.	पौधाः गन्ने की ऊंचाई	मझोला

अगेती किस्म को.शा. 13231 एवं मध्य देर किस्म को.शा. 16233 की पहचान एवं विशेषताएँ

अरविन्द कुमार, एम.एम. दास, एन.के. कर्मा एवं वी.के. शुक्ल
यू.पी.सी.एस.आर.–गन्ना शोध संस्थान, शाहजहाँपुर, उ0प्र0

विश्व के लगभग 120 देशों में स्थापित चीनी उद्योग द्वारा केवल गन्ना एवं चुकन्दर से ही चीनी का उत्पादन किया जाता है। चुकन्दर शीतोष्ण (टैम्प्रेट) देशों जैसे फ्रांस, जर्मनी, इटली, नीदरलैण्डस, पोलैण्ड, यू0के0, स्वीडन, स्पेन, बेल्जियम, रशिया, यूक्रेन, बेलारूस, स्वीटजरलैण्ड, कनाडा, यू0एस0ए0, चीन, टर्की, जापान आदि में उगायी जाती है। इसके विपरीत गन्ना उपोष्णकटिबन्धी (सबट्रॉपिकल) तथा उष्णकटिबन्धी (ट्रॉपिकल) देशों जैसे ब्राजील, भारत, थाईलैण्ड, क्यूबा, यू0एस0ए0 के फ्लोरिडा, लूसियाना, हवाई एवं टैक्सास राज्यों, मैक्सिको, पेरू, केनिया, मारीशस, दक्षिणी अफ्रीका, मिस्र, पाकिस्तान, चीन इण्डोनेशिया, फिलीपीन्स, आस्ट्रेलिया, फिजी आदि में उगाया जाता है। खादय् एवं कृषि संगठन के अनुमान के अनुसार विश्व में 248 लाख हे0 क्षेत्रफल में गन्ने की खेती की जाती है। कुछ देश जैसे चीन, यू0एस0ए0, जापान, स्पेन, मिस्र, ईरान एवं मोरक्को चुकन्दर तथा गन्ना दोनों से चीनी का उत्पादन करते हैं।

देश का 50 प्रतिशत से अधिक गन्ना क्षेत्रफल उपोष्णकटिबन्धी (सबट्रॉपिकल) जलवायु वाले प्रदेशों (उ0प्र0, हरियाणा, पंजाब, उत्तराखण्ड, राजस्थान, बिहार, बंगाल, असम आदि) में तथा शेष उष्णकटिबन्धी (ट्रॉपिकल) प्रदेशों (आंध्र प्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र, कर्नाटक, तमिलनाडु, केरल आदि) में था। सबट्रॉपिकल राज्यों में गन्ने की उत्पादकता (45.6 से 83.7 टन / है0) कम होने के कारण चीनी का उत्पादन कम होता है जो कि ट्रॉपिकल राज्यों (61.0 से 111.40 टन / है0) की तुलना में बहुत कम है। सबट्रॉपिकल प्रदेशो में अप्रैल से जून माह तक मौसम बहुत ही गर्म व सूखा होता है तथा दिसम्बर से जनवरी तक शून्य डिग्री सेंटीग्रेट तक तापक्रम कम हो जाता है जो पाला गिरने के साथ और भी अधिक ठण्डा होता है। इस प्रकार गन्ने की बढ़वार के लिए केवल चार–पाँच महीनों का ही सीमित समय मिल पाता है। जिसके फलस्वरूप गन्ने की कम उपज के साथ चीनी के परता में भी कमी हो जाती है।

सबट्रॉपिकल क्षेत्रों में जलवायु की प्रतिकूल परिस्थितियों को गन्ना फसल द्वारा सहन न कर पाने के बावजूद भी यहाँ के किसान 450–650 कुं0 / एकड़ तक गन्ना उपज प्राप्त कर रहे हैं। उ0प्र0 में वर्तमान में अधिक उपज एवं चीनी परता देने वाली कई प्रजातियॉ स्वीकृत प्रजातियों की श्रेंणी में सम्मिलित हैं जिनसे उपयुक्त गन्ना उत्पादन तकनीकी अपनाकर गन्ना उपज एवं चीनी परता में वृद्धि होने की अपार सम्भावनाएँ है।

गन्ना व चीनी उत्पादन में उ0प्र0 देश का प्रमुख राज्य है। प्रदेश में लगभग 28 लाख हेक्टेयर क्षेत्रफल में गन्ने की खेती की जाती है। गन्ने की खेती से करीब 42 लाख कृषक जुड़े हैं। देश का 42 प्रतिशत से अधिक गन्ना क्षेत्रफल उत्तर प्रदेश में है। उ0प्र0 में गन्ने की बढ़वार के लिये केवल 4–5 माह का ही सीमित समय मिल पाता है जिसके फलस्वरूप गन्ने की उपज व चीनी परता में कमी हो जाती है। दक्षिण भारत के राज्यों में गन्ने की फसल 14–16 महीनों में पककर तैयार होती है जबकि उ0प्र0 के कुछ कृषकों द्वारा दक्षिण भारत से भी अधिक उपज प्राप्त की गयी है जिसका मुख्य आधार गन्ने की स्वीकृत क्षमतावान किस्मों का प्रचलन में आना प्रतीत हो रहा है। विगत 11 वर्षों के उपज व चीनी परता के आंकड़े सारणी में दिये गये है।

गन्ना व चीनी उत्पादन में स्वीकृत संकर गन्ना किस्मों का महत्वपूर्ण योगदान होता है। सारणी एक से स्वतः स्पष्ट होता है कि जैसे–जैसे अधिक क्षमतावान् व स्वीकृत अगेती गन्ना किस्मों का क्षेत्रफल बढ़ा है उत्पादन व चीनी परता दोनों पर इनका प्रभाव परिलक्षित हुआ है। शीघ्र पकने वाली नई क्षमतावान किस्मों का बीज कृषकों को आसानी से उपलब्ध कराना प्रदेश के चीनी उद्योग की उत्तरोत्तर प्रगति के लिये अत्यन्त आवश्यक है।

अतः उपरोक्त तथ्यों को दृष्टिगत रखते हुए इस समय यह आवश्यक है कि शोध संस्थानों द्वारा विकसित की गयी अधिक उपज एवं चीनी परता देने वाली गन्ना प्रजातियों को प्रदेश के किसानों तक व्यापक रूप से प्रसारित किया जाय ताकि उनके क्षेत्रफल में तीव्र गति से वृद्धि हो सके। इसके साथ–साथ प्रदेश में गन्ना प्रजातियों में मिश्रण एक गम्भीर समस्या है। किसी भी प्रजाति से अधिक पैदावार लेने के लिए प्रजातियों की शुद्धता का एक विशेष योगदान है। प्रजाति शुद्धता बनाये रखने के लिए उसके विशेष गुणों का ज्ञान होना आवश्यक है ताकि गन्ना खेती से जुड़े व्यक्ति प्रचलित प्रजातियों की पहचान

सारणी 1 : प्रदेश में गन्ना किस्मों का क्षेत्रफल, औसत उपज व प्रतिशत चीनी परता

वर्ष	प्रदेश में गन्ना क्षेत्रफल (हे0)	शीघ्र पकने वाली किस्में (हे0)	मध्य देर से पकने वाली किस्में (हे0)	अस्वीकृत किस्में	औसत उपज (टन/हे0)	चीनी परता (प्रतिशत)
2012-13	24.24	09.26	76.08	14.66	61.60	09.18
2013-14	23.80	14.70	70.21	15.09	62.70	09.27
2014-15	21.32	21.35	63.21	14.94	65.10	09.54
2015-16	20.52	34.47	40.15	25.38	66.46	10.61
2016-17	20.54	52.83	37.44	9.73	72.30	10.61
2017-18	22.99	70.46	24.40	5.14	79.20	10.84
2018-19	27.94	85.86	12.34	1.80	80.50	11.46/11.49
2019-20	26.79	94.48	5.01	0.51	81.10	11.30/11.73
2020-21	27.40	97.45	2.34	0.21	81.50	10.76/11.46
2021-22	27.60	97.92	2.01	0.07	82.31	10.03/11.47
2022-23	28.53	97.85	2.11	0.04	83.95	9.54/11.40

(स्त्रोत– गन्ना आयुक्त कार्यालय, उ.प्र.)

कर सकें। इस सन्दर्भ में उ0प्र0 में अधिक उपज देने वाली उच्च शर्करायुक्त प्रमुख स्वीकृत गन्ना प्रजातियों में से की किस्मों तथा उनकी पहचान से सम्बन्धित निम्न विवरण किसानों, चीनी उद्योग तथा प्रसार कार्यकर्ताओं के लिए अत्यन्त लाभदायक सिद्ध होगा।

को.शा. 13231

- को.से. 13231 शीघ्र पकने वाली किस्म है जिसे को.शा. 95255 × को.शा. 510 संकरण की पौध से चुना गया है।
- उत्तम चीनी परता देने वाली इस किस्म को वर्ष 2018 में स्वीकृत किया गया।
- पेराई सत्र के प्रारम्भ से ही इस किस्म से चीनी मिलों को उत्तम चीनी परता प्राप्त होता है।
- उपजाऊ खेतों में तथा खाद–पानी का अच्छा प्रबन्ध करने पर भरपूर उपज देती है।
- गन्ना सीधा, मध्यम मोटा, मध्यम कड़ा एवं बीच में बारीक छिद्र। पीला हरा, मोम की अधिकता, अगोले पर कॉटे अनुपस्थित, अगोला हरा। पोरियॉ गोलाकार, मध्यम लम्बी। कुडमल प्रसीता उपस्थित। ऑख मध्यम, अण्डाकार एवं निचले भाग में कहीं–कहीं गोल। हरी पत्तियों के किनारे मुड़े हुये (रोल्ड) रहते हैं।
- गुड़ बनाने हेतु उत्तम किस्म है।
- रेशे की मात्रा 13.76 प्रतिशत है।
- उपज, चीनी परता एवं पेड़ी में अच्छी तथा छिलाई में आसान, सूखी पत्तियॉ आसानी से छूट जाती हैं।
- गन्ना तेजी से बड़ने वाला गन्ने की बंधाई गन्ने की बंधाई करना आवश्यक है। पंक्तियों से पंक्तियों की दूरी 90 से.मी. रखने पर अच्छी उपज प्राप्त होती है। लाल सड़न के प्रति मध्यम रोग रोधी है।

कोशा 13231 (कोशा 95255 x कोशा 510) स्वीकृति वर्ष– 2018							
क्र.सं.	किस्म	उपज (टन / हे.)	जूस में सुक्रोज का प्रतिशत		गन्ने में पोल प्रतिशत		सी.सी.एस. (टन / हे.)
			नवम्बर	जनवरी	नवम्बर	जनवरी	
1	को.शा 13231	83.09	16.45	18.05	11.79	13.17	10.43
2	को. 0238	84.85	16.15	17.88	11.65	13.07	10.57
प्रतिशत की बढत		-2.07 %	+0.30	+0.17	+0.14	+0.17	-1.32%
लाल सडन(सी.एफ.13 एवं सी.एफ. 08) के प्रति मध्यम रोगरोधी							

- उपज 91.22 टन / हे. तथा गन्ने में शर्करा प्रतिशत नवम्बर,व जनवरी में क्रमशः 12.46, 13.26 पाया गया है।

को.शा. 16233

- को.शा. 16233 मध्य देर से पकने वाली किस्म है जिसे को. 89003 X को. से. 92423 संकरण की पौध से चुना गया है।
- उत्तर प्रदेश में इस किस्म को वर्ष 2023 में खेती हेतु स्वीकृत किया गया।
- गन्ना सीधा, लम्बा, मध्यम मोटा, मध्यम कड़ा, ठोस व सफेदी लिए हुए तथा अगोला हरा। इसकी पोरियां गोलाकार, मध्यम लम्बी, बडग्रूव उपस्थित व कॉटे अनुपस्थित। ऑख मध्यम आकार की अण्डाकार होती है।
- उपज व पेड़ी में उत्तम, न गिरने की प्रवृत्ति व छिलाई में आसान।
- इसमें रेशे की मात्रा 13.99 प्रतिशत है। यह किस्म लाल सड़न रोग के प्रति मध्यम रोग रोधी
- लाल सडन रोग के नवीन प्रभेद सी.एफ. 08 एवं सी. एफ. 13 (सी. एफ. 0238) के प्रति मध्यम रोगरोधी।

को.शा. 16233 का प्रक्षेत्र प्रदर्शन

बड

ठोसपन

आरिकिल

को.शा. 16233 (को. 89003 x को.से. 92423) स्वीकृति वर्ष– 2023									
क्र.सं.	किस्म	उपज (टन / हे.)	जूस में सुक्रोज का प्रतिशत			गन्ने में पोल प्रतिशत			सी.सी.एस. (टन / हे.)
			नवम्बर	जनवरी	मार्च	नवम्बर	जनवरी	मार्च	
1	को.शा 16233	87.65	16.46	17.64	19.33	12.03	13.08	14.07	11.64
2	को.शा 767	73.72	15.34	17.11	18.61	11.52	12.60	13.91	9.27
प्रतिशत की बढत		+18.90%	+1.12	+0.53	+0.72	+0.52	+0.48	+0.16	-25.57
लाल सडन (सी.एफ.13 एवं सी.एफ. 08) के प्रति मध्यम रोगरोधी									

कोलख 15207 (इक्षु–12) : उपोष्णकटिबंधीय भारत के उत्तर पश्चिमी क्षेत्र हेतु मध्य – देर से पकने वाली नई गन्ना किस्म

संजीव कुमार एवं इन्दु
फसल सुधार विभाग
भाकृअनुप–भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान, लखनऊ, उ0प्र0
Email: sanjeev.kumar6@icar.gov.in

परिचयः

विश्वभर के गन्ना उगाने वाले सभी देशों में गन्ने (सैकरम प्रजाति; संकर) की खेती विभिन्न कृषि–जलवायु स्थितियों में की जाती है। गन्ना उद्योग को कम चीनी रिकवरी और उच्च उत्पादन लागत सहित कई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। उत्पादकता और चीनी रिकवरी बढ़ाने के लिए उपयुक्त किस्मों का चयन और किस्म नियोजन बहुत ज़रूरी है। जल्दी और मध्यम–देर से पकने वाली किस्मों के इष्टतम संतुलन को शामिल करते हुए प्रभावी किस्म योजना चीनी पेराई अवधि को बढ़ाने और अंततः चीनी उद्योग की लाभप्रदता बढ़ाने के लिए आवश्यक है। चीनी मिलों की परिचालन दक्षता को अनुकूलित करने के लिए जल्दी पकने वाली किस्मों के साथ–साथ मध्यम–देर से पकने वाली किस्मों को शामिल करने का सुझाव दिया जाता है। इसके अलावा, बाजार की मांगों को पूरा करने और नए कीट और रोगजनक प्रजातियों प्रतिरोधक किस्मों की तत्काल आवश्यकता है। इन चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए, भा.कृ.अनु.प–भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान, लखनऊ ने भारत के उत्तर–पश्चिमी क्षेत्र के गन्ना उत्पादक राज्यों में व्यावसायिक खेती के लिए मध्य–देर से पकने वाली किस्म, 'कोलख 15207' (इक्षु–12) विकसित की है।

प्रजनन तकनीक

'कोलख 15207' (इक्षु–12) किस्म को राष्ट्रीय संकरण उद्यान, गन्ना प्रजनन संस्थान कोयंबटूर तमिलनाडु में एक आनुवंशिक स्टॉक 'को 88039' (को 88039 जीसी) की संतति–समष्टि के सामान्य संग्रह से चयनित किया गया है। 'कोलख 15207' को 2015 में अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना (गन्ना), के उत्तर पश्चिम क्षेत्र में बहु–स्थान परीक्षण के लिए मध्य–देर से परिपक्व होने वाले क्लोन के रूप में प्रस्तावित और स्वीकृत किया गया था। 'कोलख 15207' का एआईसीआरपी (गन्ना), किस्म परीक्षणों मे उत्तर पश्चिम क्षेत्र के औसतन 9 स्थानों पर उपज एवं गुणवत्ता के लिए उत्कृष्ट प्रदर्शन दर्ज किया गया है। भारत सरकार की किस्म स्वीकृत देने वाली केन्द्रीय समिति द्वारा इसे 2023 मे पश्चिमी और मध्य एवं उत्तर पश्चिमी क्षत्रों मे व्यावसायिक खेती के लिए स्वीकृति प्रदान की गई।

गन्ना उपज क्षमता

'कोलख 15207' किस्म की औसत वाणिज्यिक गन्ना चीनी उपज (सीसीएस टन/हे.) 10.97 टन/हे. एवं गन्ने की उपज 84.53 टन/हे. दर्ज की गयी है (तालिका–1)। 'कोलख 15207' मे मानक किस्म 'कोशा 767' की तुलना में गन्ने की उपज के लिए 5.89% की वृद्धि देखी गई है। 'कोलख 15207' किस्म एक बेहतर पेड़ी फसल है, जिसकी पेड़ी फसल मानक 'कोशा 767' की तुलना में लगभग 5.64% गन्ने की उपज में वृद्धि देखी गई है।

तालिका 1 – 'कोलख 15207' (इक्षु–12) का मानक किस्म 'कोशा 767' की तुलना में गन्ना उपज और रस गुणवत्ता प्रदर्शन।

विवरण		किस्म	प्रमाप
		कोलख 15207	कोशा 767
गन्ने की पैदावार	पौधे की फसल (टन प्रति हेक्टेयर)	84.53	79.83
रस गुणवत्ता मानक	सीसीएस (टन प्रति हेक्टेयर)	10.97	9.69
	शर्करा (%)	18.71	17.68
	पोल (%)	14.52	13.64

रस गुणवत्ता

फसल कटने के समय 'कोलख 15207' किस्म के रस में औसत शर्करा प्रतिशत (2 बावक+1 पेड़ी) 18.71% प्रतिवेदित किया गया, जो मानक किस्म 'कोशा 767' (17.68%) से लगभग 5.83% अधिक है। 'कोलख 15207' मे पोल प्रतिशत 14.52% पाया गया जोकि मानकों 'कोशा 767' (13.64%) उल्लेखनीय रूप से अधिक है।

कीट और रोग प्रतिक्रिया

लाल सड़न रोग के प्रतिरोध के संबंध में, 'कोलख 15207' ने दो प्रचलित प्रभेद 'सीएफ 08' और 'सीएफ 09' के प्रति 'मध्यम रोगरोधी' प्रतिक्रिया दर्ज की गई है। यह किस्म उपोष्णकटिबंधीय क्षेत्र के प्रमुख कीटों के प्रति 'कम संवेदनशील' है।

किस्म पहचान के लक्षण (डी.यू.स. लक्षण)

तालिका 2 के अंतर्गत किस्म का डी.यू.स. परीक्षण के दौरान दर्ज किये गए लक्षणों की विभिन्न अवस्थाओ को दर्शाया गया है। 'कोलख 15207' की पौध ऊंचाई मझौली एवं पत्रदल का घुमाव धनुषाकार होता है। इस किस्म मे गांठ की आकृति अंडाकार एवं बड़े आकार की होती है। किस्म मे अंतरगांठ गूदा नहीं होता है।

तालिका 2 – गन्ना किस्म 'कोलख 15207' (इक्षु–12) के डी.यू.स. गुणों का मूल्यांकन।

क्रमांक	गुण	अवस्था
1.	पौधाः बढवार स्वभाव	सीधा
2.	पत्राच्छद : रोमिलता	अनुपस्थित
3.	पत्राच्छद : जीभिक की आकृति	पहाड़ी आकार
4.	पत्राच्छद : आंतरिक पालि की आकृति	त्रिकोणाकार
5.	पत्राच्छदः ड्यूलप का रंग	बैंगनी
6.	पत्रदल : घुमाव	धनुषाकार
7.	पत्रदल : चौड़ाई	मध्यम
8.	पौधाः पत्राच्छद का चिपकना	निर्बल (स्व–विगलन)
9.	अंतरगांठ : रंग (धूप के संपर्क मे नहीं)	पीला हरा
10.	अंतरगांठ रंगः (धूप के संपर्क मे)	बैंगनी
11.	अंतरगांठः व्यास	मध्यम
12.	अंतरगांठः आकृति	बेलनाकार
13.	अंतरगांठः टेढ़ा दृमेढ़ा समायोजन	उपस्थित
14.	अंतरगांठः बढवार चटक (फुटाव)	अनुपस्थित
15.	अंतरगांठ : छिलके की सतही दिखावट	चिकनी
16.	अंतरगांठः मोमियापन	हल्का
17.	गांठ : कली की आकृति	अंडाकार
18.	गांठ : कली का आकार (शीर्ष से कली के आधार तक की नाप)	बड़ी
19.	गांठ : कलिका खांचा	गहरा
20.	गांठ : कलिका आधार (कलिका आधार तथा पत्ती के बीच का स्थान)	अनुपस्थित
21.	गांठ : वृद्धि छल्ले के संधरभ मे कलिका शीर्ष	बढवार छल्ले के ऊपर
22.	गांठ : बढवार छल्ले की प्रमुखता	सबल (फूला हुआ)
23.	गांठ : मूल पट्टी की चौड़ाई (कलिका के विपरीत दिशा मे)	मध्यम
24.	अंतरगांठ : अनुप्रस्थ काट	गोल अंडाकार
25.	अंतरगांठः गूदा	अनुपस्थित
26.	पौधाः प्रति स्टूल मिल (योग्य गन्नों की संख्या)	मध्यम
27.	पौधाः गन्ने की ऊंचाई	मझोला

'कोलख 15207' किस्म का विभिन गुणों का चित्रण

सारांश

उच्च गन्ना उपज, उच्च शर्करा प्रतिशत एवं मध्यम देरी की किस्म होने के कारण 'कोलख 15207' जल्दी और मध्यम–देर से पकने वाली किस्मों के बीच सही संतुलन बनाये रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। यह किस्म उत्तर–पश्चिमी क्षेत्र के गन्ना उत्पादक राज्यों के गन्ना किसानों के साथ–साथ चीनी मिल क्षेत्र में किस्म नियोजन को बढ़ावा मिलेगा।

गन्ना फसल को प्रभावित करने वाले मुख्य रोगः आर्थिक प्रभाव एवं निवारण

मो० मिन्नतुल्लाह, पीयूष कुमार, शिव पूजन सिंह, अजित कुमार एवं सुनीता कुमारी मीणा
राजेंद्र प्रसाद सेंट्रल एग्रीकल्चरल यूनिवर्सिटी, पूसा, समस्तीपुर–848125
ई मेलः minnatullah@rpcau.ac.in

गन्ना (*सैकरम ऑफ़िसिनैरम* एल.) भारतीय अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है क्योंकि यह एक महत्वपूर्ण खाद्य– सह–नकदी फसल है एवं बिहार प्रदेश हेतु यह एक खास नकदी फसल के रूप मे बोया जाता है। गन्ना और इसके उप–उत्पाद कृषि–औद्योगिक अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और राष्ट्रीय सकल घरेलू उत्पादन (जीडीपी) में लगभग 2% का योगदान करते हैं। भारत में इसे मुख्य रूप से चीनी, गुड़ और खांडसारी जैसे मीठे पदार्थों के उत्पादन के लिए उगाया जाता है। भारत में दो प्रमुख कृषि–जलवायु क्षेत्र हैंः उष्णकटिबंधीय (दक्षिण भारत) और उप–उष्णकटिबंधीय (उत्तर भारत)। उप–उष्णकटिबंधीय क्षेत्र में उत्तर प्रदेश गन्ना उत्पादन में अग्रणी है, जहां 21.77 लाख हेक्टेयर में 177.43 मिलियन टन गन्ने का उत्पादन होता है, जिसकी उत्पादकता 81.5 टन प्रति हेक्टेयर है। उष्णकटिबंधीय क्षेत्र में महाराष्ट्र पहले स्थान पर है, जहां 12.32 लाख हेक्टेयर में 113.37 लाख टन गन्ने का उत्पादन होता है, जिसकी उत्पादकता 92.0 टन प्रति हेक्टेयर है। बिहार में 2.11 लाख हेक्टेयर में 13.97 मिलियन टन गन्ने का उत्पादन होता है, जिसकी उत्पादकता 66.25 टन प्रति हेक्टेयर है (E&S, DAC, नई दिल्ली, 2021–2022)।

वर्तमान में, औसतन, कुल गन्ना उत्पादन का 47% चीनी उत्पादन के लिए, 40% गुड़ और खांडसारी के लिए है, और बाकी बीज के साथ–साथ खाने के उद्देश्य से उपयोग किया जाता है। चीनी सीजन (अक्टूबर–सितंबर) 2021–22 में, भारत में 5000 लाख मेट्रिक टन से अधिक गन्ना का उत्पादन हुआ।इसमें से 3574 लाख मेट्रिक टन गन्ने को पेराई के लिए चीनी मिलों ने उपयोग किया और 394 लाख मेट्रिक टन चीनी का उत्पादन हुआ। इस उपलब्धि के साथ, भारत विश्व का सबसे बड़ा चीनी उत्पादक और उपभोक्ता, तथा दूसरा सबसे बड़ा चीनी निर्यातक बन गया है (पी.आई.बी, भारत सरकार, उपभोक्ता मामले विभाग, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय)। भारत दुनिया में चीनी का सबसे बड़ा उत्पादक है, जबकि चीनी भारत में कपड़ा के बाद दूसरा सबसे बड़ा उद्योग है। लेकिन, इतनी औद्योगिक, आर्थिक और सामाजिक महत्ता वाली फसल होने के बावजूद, भारत में विशेष रूप से बिहार में इसकी खेती पारंपरिक तरीके से की जाती है और बल्कि सबसे अधिक उपेक्षित है।

फसल की विफलता और उसके बाद चीनी उत्पादन में गिरावट के लिए जिम्मेदार कारकों में, रोगों को एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाला कारक माना जाता है। रोग की संवेदनशीलता के कारण कई उत्कृष्ट किस्मों का समाप्त हो जाना एक सर्वविदित घटना है और गन्ने की खेती की एक बड़ी समस्या है। हाल के वर्षों में देश के विभिन्न भागों में गन्ने की उच्च उपज देने वाली किस्मों की शुरूआत के कारण, कुछ रोग उत्पादन में सीमित कारक बन गए हैं और उपज को काफी कम कर दिया है। भारत में गन्ने पर रोपण से लेकर कटाई तक 55 से अधिक बीमारियों की सूचना दी गई है, जिनमें बिहार प्रांत मे मुख्य रूप से ईख फसल को लालसर, सुखा, पोक्काह बोएंग, गलित शिखा, कलिका, पर्ण धब्बा, खूँटी का कुंठन, लालधारी, पर्ण झुलसा, पिला पत्ता, मोज़ैक, घासीय प्ररोह इत्यादि प्रमुख रोग आक्रांत करते है।

❖ गन्ने के प्रमुख रोग

1. लालसर रोग अथवा लाल सड़न रोग

कारकः कॉलेटोट्राइकम फालकेटम

लक्षणः लालसर रोग से प्रभावित पौधों की ऊपरी दो–तीन पत्तियों के नीचे की पत्तियाँ किनारे से पीली पड़कर सूखने लगती हैं और झुक जाती हैं। इसके अलावा, पत्तियों के मध्य नाड़ी में कत्थी लाल धब्बे नजर आने लगते हैं एवं मटमैला दिखाई देता है, ऐसे पौधे के तना को फाड़ कर देखने पर उत्तक चमकीले लाल और सफेद रंग की आरी तिरछी पट्टी दिखती है, जिसमें से में हल्की सी सिरका की तरह की गंध आती है। आक्रांत पौधा खट की आवाज के साथ टूट जाता है।

फैलावः रोग मुख्य रूप से संक्रमित बीज द्वारा फैलता है। खेत में द्वितीयक प्रसार सिंचाई के पानी, बारिश की बौछार, हवा के प्रवाह और पहले से संक्रमित मिट्टी मे दबे पुराने अवशेष के माध्यम से फैलता है।

आर्थिक महत्वः यह बीमारी किसानों के साथ–साथ मिल मालिकों को भी काफी नुकसान पहुंचाती है जो गन्ना उत्पादन पर निर्भर हैं। इस बीमारी के कारण ब्रिक्स (16.60 से 20.80%) पोल (31.60 से 38.26%) और जूस की शुद्धता (18.00 से 22. 10%) में कमी आती है। एक अध्ययन में 28 गन्ना प्रभेदो का मूल्यांकन करते हुए, संवेदनशील प्रजातियाँ Brix (16.13% से 23.68%), शर्करा (30.38% से 44.24%), और शुद्धता (15.17% से 27.99%) में कमी दिखाई दी। प्रतिरोधी और मध्यम प्रतिरोधी प्रजातियों Brix (4.22% से 15.29%), शर्करा (7.72% से 24.76%), और शुद्धता (6.46% से 15.29%) में कमी दिखाई दी।

लालसर रोग से आक्रांत गन्ने का खेत



लालसर रोग से आक्रांत चिरा हुआ गन्ना

2. सुखा रोग /उकठा/विल्ट

कारकः फ्यूजेरियम सैकेराई

लक्षणः यह रोग 4–5 महीने के अवधि के का पौधें मे समानतः आते है। प्रभावित पौधें की पत्तियाँ धीरे धीरे पीली होकर सुखने लगती है, और समय के साथ पुरा पौधा सुख जाता है तथा अंत में मर जाता है। बीमार गन्ना को लंबवत तोड़ने पर, विशिष्ट आंतरिक लक्षण स्पस्ट दिखाई देता है। गन्ने का भीतरी रेशा हल्के से गहरे बैंगनी–भूरे और गुलाबी–लाल या भूरे–लाल रंग की दिखाई देती है। अंत में गन्ना के पौधे की उत्तक धीरे धीरे खोकला होने लगता है जो की बाद में नाव की आकर रूपी गड्ढों में बदल जाता है। रोगग्रस्त गन्ना सिकुड़ जाता है एवं हलका हो जाता है।

फैलावः कवक मिट्टी से फैलता है और 2–3 वर्षों तक मिट्टी में सैप्रोफाइट के रूप में रहता है। रोग मुख्य रूप से संक्रमित बीज के माध्यम से फैलता है। द्वितीयक प्रसार हवा, बारिश और सिंचाई के पानी के माध्यम से फैलाव होता है।

आर्थिक महत्वः उत्तर भारत में कई प्रसिद्ध व्यावसायिक किस्मों को एक गंभीर गन्ने की बीमारी के कारण व्यावसायिक खेती से किसानों को इन प्रभेदो को छोड़ने पर विवश होना पड़ा। यह बीमारी देश के उष्णकटिबंधीय और उपोष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में फसल के सभी चरणों को प्रभावित करता है। इसका शुरुवाती लक्षण 4–5 महीने की अवधि वाले फसल में दिखाई देता है, जिसमें प्रभावित पौधे पीले होते हैं, पत्तियां मुरझाने लगती हैं और उसके बाद सूख जाती हैं। अगर संक्रमित गन्ने को बीज के रूप में उपयोग किया जाता है, तो यह कलियों की अंकुरण क्षमता को प्रतिकूल रूप से प्रभावित कर सकता है और उपज को 65% तक कम कर सकता है।

सूखा रोग से ग्रसित गन्ने का खेत

सूखा रोग से ग्रसित गन्ना.........

3. गलित शिखा रोग (टॉप रोट)/पोक्का बोईंग

कारक: फ्यूजेरियम स्पीशीज

लक्षण: इस बीमारी में पौधे के शीर्ष और पत्तीयों का विकृत होना और छोटा होना एक सामान्य विशेषता है, तथा बीमारी गंभीर होने पर गोभ मर जाता है। युवा पत्तियों का जड़ से पिलापन (क्लोरोसिस) और लम्बवत सीढ़ी जैसी छिलके का टूटना सामान्यतः दिखाई देता है। शीर्ष की पत्तियों में उनके घुमाव दिखाई पड़ता है, साथ ही साथ आक्रांत पौधों की पत्तियों में अनेक छिद्र भी हो जाता है। रोग की उग्रव्यवस्था में चाकू जैसी कट आ जाती है, जिसके कारण डंठल टूट जाती है एवं सीढ़ीनुमा आकार बन जाता है।

फैलाव: मुख्य रूप से वायु–धाराओं के माध्यम से बीजाणुओं का संचरण और द्वितीयक संचरण संक्रमित बीज, सिंचाई जल, बारिश की छिंटे और संक्रमित मिट्टी के माध्यम से फैलता है।

आर्थिक महत्व: अतिसंवेदनशील किस्मों में, पोक्काह बोएंग रोग 40% से 60% तक उपज हानि का कारण बनता है। पोक्काह बोएंग रोग चीनी के विभिन्न उत्पादक क्षेत्रों में 1.1 से 21.2 प्रतिशत तक पाया गया है। इस रोग से प्रभावित गन्नों में लगभग 40.8 से 64.5% शर्करा कम पाई गई। प्रभावित गन्नों में स्वस्थ गन्नों की तुलना में वजन, दो गांठो की लंबाई, गन्ने की परिधि, रस, पोल प्रतिशत और रस में कुल शर्करा में कमी देखी गई। डंठल क्षेत्र में गंभीर संक्रमण होने से गन्नों के दो गांठो के बढ़ाव मे भी काफी कमी पाई गयी है।



टॉप रोट रोग से ग्रसित गन्ने कि विकृत पत्तियाँ

टॉप रोट रोग से ग्रसित गन्ने का गोभ

4. कालिका रोग/कण्डुआ/स्मट

कारक: स्पोरोसोरियम सितामिनी

लक्षण: पौधा सामान्य से लंबा व पतला होता है। पौधे के सिरे से काले रंग की चाबुक जैसी संरचना बनती है, जिसके बाद में काले रंग के काली स्मट स्पोर्स (टेलिओस्पोर्स) निकलकर अन्य फसलों को भी प्रकोपित करता है। शुरुआती चरणों में, यह संरचना एक पतली, सफेद, कागजी परत से ढकी होती है। कभी–कभी पत्तियों और डंठलियों पर स्मट सोरी विकसित हो सकती हैं। इस रोग से ग्रसित गन्ना की पत्तियाँ पतली एवं नुकिली हो जाती है तथा ऐसे पौधों में रस की मात्रा बिल्कुल ख़त्म हो जाती है।

फैलाव: गन्ने का कलिका रोग मुख्य रूप से संक्रमित ईख बीज तथा बीजाणुओं हवा के द्वारा फैलता है। द्वितीयक प्रसार बारिश की बौछारों, सिंचाई के पानी, पक्षियों आदि के माध्यम से बहुत तेजी से फैलता है। बीजाणु नम मिट्टी में केवल 2–3 महीने तक जीवित रह सकते हैं, लेकिन शुष्क मिट्टी या शुष्क वातावरण में लंबे समय तक जीवित रह सकते हैं।

आर्थिक महत्व: यह रोग अतिसंवेदनशील किस्मों में 0% से 15% तक उपज हानि का कारण बनता है। यह बताया गया कि इस रोग से संक्रमित गुच्छों के कारण औसत नुकसान 39.0 से 55.6 प्रतिशत तक तक पाया गया है। Co 312, Co 313 और CoL 29 किस्मों में गन्ने के वजन में 70.7 से 75.3 प्रतिशत तक की कमी पाया है।

कण्डुआ रोग से ग्रसित गन्ना

5. गेंड़ी सड़न रोग/पाइन एप्पल रोग

कारकः सेराटोसिस्टिस पैराडॉक्सा

लक्षणः यह रोग बुआई के दो से तीन सप्ताह बाद बीज गेंड़ी को प्रभावित करता है। मिट्टी में पाई जाने वाली फफूंद कटे हुए सिरों से प्रवेश कर तेजी से फैलती है। प्रभावित ऊतक पहले लाल और फिर भूरे काले हो जाते हैं। गंभीर मामलों में इंटर्नोडल गुहाएँ बनती हैं, जो माइसेलियम और बीजाणुओं से ढकी होती हैं। सड़ते हुए ऊतकों से अनानास जैसी गंध आती है। बीज गेंड़ी अंकुरण से पहले सड़ जाते है या 6–12 इंच की अंकुरण होने तक ग्रसित गन्ने मर जाते है।

फैलावः यह रोग मुख्य रूप से संक्रमित बीज के माध्यम से फैलता है। कवक मिट्टी में और संक्रमित, दबे हुए गन्ने के ऊतकों में कोनिडिया और क्लैमाइडोस्पोर के रूप में जीवित रहता है। इनोकुलम हवा से उड़ने वाले कोनिडिया या सिंचाई या बारिश के पानी के माध्यम से एक खेत से दूसरे खेत में जाता है। गन्ना बोरर जैसे कीट भी इस रोग के प्रसार में मदद करते हैं।

आर्थिक महत्वः इस बीमारी के कारण बीज गेंड़ी के अंकुरण में 15–20 प्रतिशत की हानि और प्रति हेक्टेयर उपज में 10–15 टन की हानि आकी गयी है। जबकि, गन्ने के बीज के अंकुरण में 85–90 प्रतिशत की हानि अभिलेख की गयी है।

गेंड़ी सड़न रोग से ग्रसित गन्ना

6. नेत्राकार धब्बा रोग/आई स्पॉट रोग

कारकः बाइपोलारिस सैकेरी

लक्षणः रोग के लक्षण पहले पत्तियों पर गहरे हरे अंडे या गोलाकार धब्बों के रूप में प्रकट होते हैं, जो अगस्त के बाद से भूरे रंग में बदलने लगते हैं। जब ये धब्बे आकार में बड़े होते हैं, तो उनका केंद्रीय भाग मर जाता है और पतले लाल–भूरे बैंड से घिरा हुआ हो जाता है। गंभीर स्थितियों में, पत्तियाँ गिर जाती हैं और समय से पहले सुख जाती हैं। केंद्रीय भूसे के रंग में कई पिन हेड आकार के फलादार जीव (पेरिथेशिया) केंद्रीय रिंगों में विकसित होते हैं।

फैलावः रोगाणु क्यूटिकल के माध्यम से ऊतकों में प्रवेश करते है। बादल छाए रहने, बूंदाबांदी के साथ उच्च आर्द्रता और रात का कम तापमान, बारिश या ओस के कारण गन्ने के पत्तों पर नमी की उपलब्धता रोग के विकास में मदद करती है। नाइट्रोजन की उच्च मात्रा, जल जमाव की स्थिति भी रोग के प्रसार में सहायक होती है।

आर्थिक महत्वः हालांकि इस रोग को कम महत्व का माना जाता है, लेकिन यह रोग 10 से 12 महीने पुराने पौधे की तुलना में पांच से सात महीने पुराने पौधे पर आक्रमण करता है। इस रोग में पत्तियाँ सूखने की वजह से उपज क्षमता में एवं गन्ने की बढ़ावार प्रभावित होती है।



नेत्राकार रोग से ग्रसित गन्ने की पत्तियाँ

7. खूंटी का कुंठल रोग (पेड़ी का बौनापन रोग / आर.एस.डी.)

कारक : लिफसोनिया जाईली

लक्षणः रोगग्रस्त गुच्छों में आमतौर पर विकास रुक जाता है, कल्ले कम निकल आते हैं और डंठल पतले हो जाते हैं। पत्ते पिले एवं दो गांठो की दूरी छोटी हो जाती है। जब परिपक्व गन्ने को चिरकर देखा जाता है, तो खुले, संवहनी बंडल बदरंग दिखाई देते हैं। अंदर से गांठो के पास लघु पिन हेड की तरह क्षेत्रों में गुलाबी रंग या लाल रंग का धब्बा दिखता है। इस रोग से लंबाई, मोटाई, और प्रति झुरमुट गन्ने की संख्या कम हो जाती है।

फैलावः यह रोग रोगग्रस्त बीज के उपयोग से फैलता है। यह रोग रोगग्रस्त गन्ने के रस से दूषित गन्ना कटाई उपकरणों के माध्यम से भी फैलता है। मक्का, ज्वार, सूडान घास और साइनोडॉन रोगज़नक़ के कुछ सहवर्ती पोषक फसल हैं।

आर्थिक महत्वः यह रोग प्रायः मुरहन फसल से ज्यादा पेड़ी फसल मे अधिक प्रकट होता है। यह भारत में कई दशकों से ईख फसल को आक्रांत करते आ रहे है, हालांकि, अब तक केवल सीमित शोध कार्य किए गए हैं। इस रोग के कारण, दक्षिण अफ्रीका और संयुक्त राज्य अमेरिका जैसे देशों में 5–30% तक की उपज क्षमता मे कमी देखी गयी है। भारत में इसे उष्णकटिबंधीय और उप–उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में गन्ने की उत्पादकता पर गंभीर प्रभाव देखने को मिला है।



खूंटी का कुंठल रोग से ग्रसित गन्ने के बदरंग संवहनी एवं गुलाबी धब्बे

8. लालधारी रोग (रेड स्ट्राडप)

कारक : ऐसिडोवोरैक्स ऐवेनी

लक्षणः इस रोग की पहचान पत्तियों पर 0.5–1.0 मिमी चौड़ी और कई मिमी लंबी गहरी लाल धारियों से होती है, जो बाद में मिलकर बड़े हिस्से को ढक लेती हैं और पत्तियों के मुरझाने और सूखने का कारण बनती हैं। पत्तियों के निचले हिस्से पर सफेद परतें बनती हैं, जो ऊपरी सतह के लाल धारी से मेल खाती हैं। ये परतें सूखे बैक्टीरियल ओउज होती हैं। युवा अंकुर प्रभावित होने पर शीर्ष सड़न हो सकती है और अंकुर के बढ़ते सिरे पीले से लाल–भूरे हो जाते हैं। गन्ने के ऊतकों में गहरा लाल रंग दिखाई देता है, और पिथ क्षेत्र में गुहाएँ बन सकती हैं। खूँटी फसल में यह रोग अधिक फैलता है, जिससे गन्ने के ऊपरी हिस्से में गड्ढे और सड़न हो जाती है।

लालधारी रोग से ग्रसित गन्ना

फैलावः यह रोग संक्रमित गन्ने के टुकड़ों के बोने से फैलता है। इसके अलावा, यह रोग बाढ़ के पानी, हवा और कीड़ों के माध्यम से भी फैल सकता है। संक्रमित गन्ने को एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाने से भी यह रोग फैलता है।

आर्थिक महत्वः रोगग्रस्त गन्ने के बीज लगाने से अंकुरण कम हो जाता है, जिसके कारण फसल में रिक्त स्थान रह जाते हैं। गन्ने के ऊपरी हिस्से के सड़ने के बाद, फसल की उपज में 10–15 प्रतिशत तक की कमी हो जाती है।

9. मौजैक रोग

कारकः गन्ना मोज़ेक वायरस

लक्षणः आक्रांत पत्तियों पर काफी संख्या में पीले रंग के छल्लेकार धब्बे पत्तियों के हरे भागों के बीच–बीच में उत्पन्न होती हैं। ये धब्बे गोलाकार या अण्डाकार लिए पत्तियों के पूरे भाग पर फैल जाते हैं। जब रोग उग्रावस्था में होता है, तो पत्तियों की क्लोरोफिल की मात्रा कम होने से पत्तियों का पीला हो जाता है और आक्रांत गन्ने छोटे और पतले हो जाते हैं। रोग युवा पत्तियों के आधार भाग पर पीली धारियों के रूप में दिखाई देता है। संक्रमण बढ़ने पर ये धारियाँ पत्ती की म्यान और डंठल पर फैल जाती हैं। डंठलों पर मृत ऊतक वाले चिन्ह बनते हैं और डंठल फट जाते हैं। अंततः, पूरा पौधा बौना और पीला हो जाता है।

फैलावः यह रोग मुख्यतः एफिड कीट एवं रोगग्रस्त बीज से फैलता है। रोगी पत्तियों के रस से भी विषाणु स्वस्थ पौधों की पत्तियों को संक्रमित करते है।

आर्थिक महत्वः इस रोग का सीधा प्रभाव गन्ने की उपज और चीनी पर होता है। कम रोग रोधी प्रभेदों में उपज का औसत 10–15 प्रतिशत और रोगग्राहक प्रभेदों में 30–40 प्रतिशत तक की कमी होती है। आक्रांत पौधों में रस की मात्रा लगभग 10 प्रतिशत तक कम हो जाती है।

मौजैक रोग से ग्रसित गन्ना से ग्रसित गन्ना

10. घासीय प्ररोह रोग (जी.एस.डी.)

कारकः फाइटोप्लाज्मा

लक्षणः रोग के लक्षण बुआई के दो से तीन महीने बाद दिखाई देते हैं। प्रभावित पौधों में पतले दूधिया रंग के कल्ले की वृद्धि होती है, पत्तियाँ पीली और पतली हो जाती हैं। पौधे झाड़ीदार और 'घास जैसे' दिखते हैं। प्रभावित गुच्छे बौने होते हैं और सहायक कलियों की समय से पहले वृद्धि होती है। गन्ना पतला और छोटे एवं टेढ़े–मेढे गांठो वाला होता है।

फैलावः रोगज़नक़ रोपण सामग्री के माध्यम से और फसल के अंदर एफिड्स द्वारा फैलता है, जैसे कि, एफ़िस मैडिस,

घासीय प्ररोह से ग्रसित गन्ना

रोपालोसिफम मैडिस, लॉन्गियुंगिस सैकरी, मेलानाफ़िस सैकरी और एम. इंडोसैकरी। इसके अलावा, लीफ़ हॉपर, प्राउटिस्टा मोस्टा भी संचरण में शामिल है।

आर्थिक महत्वः भारत में इस बीमारी ने उत्तर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, हरियाणा और तमिलनाडु जैसे सभी प्रमुख गन्ना उत्पादक राज्यों में गंभीर प्रकोप पैदा किया है। इस रोग के कारण साथ ही, डंठल की ऊंचाई, परिधि एवं दो गांठो की लंबाई में गंभीर कमी क्रमशः 35%, 15% और 50–60% दर्ज की गई।

❖ रोगों का निवारण

(ए) मृदा प्रबंधन

(i) खेती – मिट्टी या पौधों के मलबे, फसल के अवशेषों, सूखी पत्तियों के साथ–साथ मृत और सूखे डंठल और गन्ने की जड़ों में रहने वाले संक्रामक बीमारियों के जीवाणुओं को नष्ट कर देना चाहिए।

(ii) गर्मियों में गहरी जुताई – गर्मी के मौसम में मिट्टी की अच्छी गहरी जुताई से बीजाणु नष्ट हो जाते हैं, और मिट्टी के अंदर मौजूद कीटों के लार्वा भी पक्षियों द्वारा खाए जाते हैं।

(बी) बीज प्रबंधन

(i) नियामक नीति – गन्ने की रोपाई के लिए नियामक नीति अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि बीज सामग्री के साथ विभिन्न बीज संचारित रोग आ सकते हैं। इसलिए, प्रतिबंध का सख्ती से पालन करना बहुत आवश्यक है, ताकि बीमारियों से प्रभावित बीज को खेत में पहुंचने से पहले ही नष्ट किया जा सके।

(ii) किस्मों का चयन – गन्ना फसल के पैदावार के लिए उन्नत जाति के उच्चतम बीज का चयन सबसे महत्वपूर्ण होता है क्योंकि गन्ने के सारे रोगों का कारण अस्वस्थ बीज का उपयोग ही होता है।

(iii) बीज का चयन – गन्ना पौधों की उन्नति में जीवाणुओं का अवस्थित होना संभव है, इसलिए सुरक्षित बीज सामग्री का चयन करें। बीमारियों से बचाव के लिए, छोटी बीज फसल नर्सरी बनाना चाहिए जो उच्च तापमान में उपचारित बीज से उत्पन्न हो। साथ ही, रोपाई से पहले, लाल और काले धब्बे वाले क्षेत्रों के सिरों को हटा देना चाहिए। इस तरह की प्रक्रिया से संक्रमण को दूर किया जा सकता है।

(iv) बीज उपचार – कटे हुए सिरों के माध्यम से मिट्टी जनित रोगज़नक़ों के प्रवेश को रोकने के लिए रासायनिक उपचार किया जाता है। बीज गेड़ी को 30 मिनट तक डुबाकर उपचार किया जाता है, जिससे बीज के मिट्टी जनित रोगज़नकों से बचाव होता है तथा अंकुरण क्षमता में भी बढ़ोतरी होती है। कार्बेन्डाजिम फफूंदनाशी के घोल में बीज गेंड़ी का उपचार और कार्बेन्डाजिम के साथ 15 दिनों के अंतराल पर बार छिड़काव करने से गन्ने में अधिकतम अंकुरण और पोक्का बोएंग रोग में कमी देखी गयी। गर्म पानी और फफूंदनाशकों का उपयोग गन्ने के बीज के उपचार में भी किया जा रहा है, जो गन्ने के बीज को मिट्टी में अवरोधक रोगजनकों से सुरक्षा प्रदान करता है और अंकुरण को उत्तेजित करता है।

(सी) फसल प्रबंधन

(i) रोपण का मौसम – मौसम और रोपण की तारीख का रोग के विकास पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ता है। शरद ऋतु में बोई गई गन्ने की फसल रोगों के प्रति प्रतिरोधक क्षमता दिखाती है, क्योंकि इसका अतिसंवेदनशील चरण उष्ण समय

(मार्च–जून) में होता है। वसंत ऋतु में बोई गई फसल पर आक्रमण का खतरा रहता है क्योंकि फसल (जुलाई–अक्टूबर) में अतिसंवेदनशील चरण से गुजरती है।

(ii) फसल चक्र – गन्ने की एकल खेती रोगाणु के तेज निर्माण के लिए अनुकूल होती है, जिससे रोगों का प्रतिरोध बढ़ता है। हरी फसल सहित फसल चक्र अपनाने से विरोधी सूक्ष्म वनस्पतियों की बढ़ती आबादी और जड़ प्रणाली की मजबूती में मदद मिलती है। चावल और अरहर की सहफसली खेती रोगों को कम करने में सक्षम होती है।

(iii) सहयोगी फसल – गन्ने को जब सहफसल के रूप में धनिया, लहसुन, अलसी और सरसों, हरी खाद आदि के साथ उगाया जाता है, तो वे काफी हद तक मुरझाने की घटनाओं को कम कर देते हैं। यदि इन फसलों के बाद गन्ना उगाया गया तो लालसर रोग में कमी पाई गयी।

(iv) सहपार्श्विक पोषिता – गन्ना मोजेक वायरस के नियंत्रण के लिए ज्वार जैसे फसलों को गन्ने की फसल के आस–पास नहीं लगाना चाहिए, इससे गन्ना मोज़ेक विषाणु काफी हद तक नियंत्रण होता है।

(v) जल निकासी और सिंचाई – बाढ़ और खराब जल निकासी की स्थिति बीमारियों के प्रसार में मदद करती है। इससे बचने के लिए जहां तक संभव हो ऊपरी भूमि का चयन किया जाना चाहिए, अन्यथा बीमारियों को कम करने के लिए अच्छी जल निकासी सुविधाएं सुनिश्चित की जानी चाहिए। सिंचाई का पानी रोगग्रस्त खेत से रोगमुक्त खेत की ओर नहीं जाना चाहिए और बीमारियों के प्रसार को रोकने के लिए रोगग्रस्त खेत से स्वस्थ खेत की ओर सिंचाई नालियां तैयार नहीं करना चाहिए।

(vi) बार–बार निगरानी और सफाई – गन्ने के खेत का बार–बार और महत्वपूर्ण सर्वेक्षण सावधानीपूर्वक किया जाना चाहिए और संक्रमण को हटाने के लिए रोगग्रस्त गुच्छों को प्रारंभिक चरण में ही खेत से हटा दिया जाना चाहिए और इस प्रकार रोगाणु के व्यापक प्रसार को रोका जाना चाहिए।

(vii) रैटून प्रबंधन – गन्ने की कटाई के बाद ठूंठ की भूमि अगली फसल के लिए जन्मदाता होती है, जिसे रैटून फसल कहते हैं। इस तरह की फसल के लिए किसानों को पेड़ पौधे पालना पसंद है, लेकिन खराब प्रबंधन फसल की उत्पादकता में बड़ी बाधा है। गन्ने के उत्पादकता बढ़ाने के लिए प्रबंधन पर मुख्य रूप से ध्यान देना चाहिए।

(viii) खरपतवार प्रबंधन – गन्ना एक लंबी अवधि की फसल है, इस पर कई प्रकार के खरपतवारों का प्रभाव पड़ता है। घास–पात से मल्चिंग करने पर खरपतवारनाशकों का उपयोग पौधे और पेड़ी की फसल में प्रभावी पाया गया है। खरपतवारनाशी (एट्राज़िन) का संयुक्त प्रभाव और रोपण के 60 और 90 दिन बाद निराई–गुड़ाई जैसे अंतर–कृषि संचालन प्रभावी पाया गया। गन्ने के मामले में, कटाई के 30, 60 और 90 दिन बाद तीन गुड़ाई या एट्राज़िन 2.0 किलोग्राम/हेक्टेयर उद्भव से पहले और साथ ही कटाई के 60 और 90 दिन की गुड़ाई उपज बढ़ाने में प्रभावी सिद्ध हुई हैं।

(ix) उर्वरक प्रबंधन – मुरहन की फसल की तुलना में रैटून फसल में नाइट्रोजन कम मात्रा में उपयोग करते हैं। परन्तु नाइट्रोजन की तुलनात्मक रूप से अधिक मात्रा की आवश्यकता होती है। फॉस्फेट और पोटाश के प्रति प्रतिक्रिया अधिक सुसंगत है। इसलिए, पौधों की फसल की तुलना में 20 प्रतिशत अधिक नाइट्रोजन की सलाह की जाती है। एन.पी.के–125:30:75 किग्रा/एकड़ अकार्बनिक उर्वरक की खुराक को विभाजित खुराक में उपयोग किया जाना चाहिए, पहली विभाजित खुराक मेड़ तोड़ने पर होनी चाहिए, 45 किग्रा नाइट्रोजन, संपूर्ण फास्फोरस और 25 किग्रा पोटेशियम को पेड़ी फसलों में लागू किया जाना चाहिए। शीर्ष ड्रेसिंग के रूप में रिज तोड़ने के 30 और 60 दिनों के बाद 40 किलो नाइट्रोजन, 25 किलो पोटेशियम के साथ दो और टुकड़े करें। गन्ने की वृद्धि और उपज में सुधार के लिए ́दैव्4 या थ्मैव्4 /10 किग्रा/एकड़ और 0.5 प्रतिशत ́दैव्4 या थ्मैव्4 का पत्तियों पर प्रयोग किया जाना चाहिए।

(x) रसायन और बायो–एजेंट के माध्यम से प्रबंधन – कृत्रिम परिवेशीय प्रयोगशाला स्थिति में रोग को कम करने में कई कवकनाशी देखे गए हैं, लेकिन प्रक्षेत्र की स्थितियों में पर्याप्त परिणाम प्राप्त नही हुआ है । छिलके की अभेद्य प्रकृति, गन्ने में रेशेदार गांठों की उपस्थिति रसायनों के प्रवाह को प्रतिबंधित करती है और ये बीमारियों को रोकने में

पर्याप्त परिणाम देने के लिए कवकनाशी के प्रमुख कारक हैं। रोप से पहले सेट उपचार और 15 दिनों के अंतराल पर 0.1 प्रतिशत कार्बेन्डाजिम के तीन छिड़काव पोक्का बोएंग, लाल सड़न, उकठा एवं जमाव सड़न रोग के प्रति प्रभावी पाए गए। कालिका रोग को प्रक्षेत्र से जड़ साहित नष्ट करने के बाद 15 से 20 दिनों के अंतराल पर प्रोपीकोनाज़ोल / 0.1 प्रतिशत के दो रोगनिरोधी छिड़काव करने की अनुशंसा की जाती है। मृदा जनित रोगाणु का प्रबंधन ट्राइकोडर्मा कल्चर / 10 किग्रा / हेक्टेयर खाद के साथ मिलाकर किया जा सकता है। रोपण से पहले 15 मिनट के लिए ट्राइकोडर्मा सस्पेंशन (कोनिडिया 10 / एमएल) से उपचारित गन्ने के बीज को गन्ने की बीमारियों के खिलाफ प्रभावी पाया गया है।

❖ मुख्य बिंदुः

- कण्डुआ रोग को फैलने से रोकने के लिए, गन्ने के शीर्ष भाग से चाबुकनुमा आकार को पॉलिथीन बैग से ढककर धीरे से हटा दें और पूरे झुरमुट को उखाड़कर नष्ट कर देना चाहिए या एक मोटे कपड़े के बैग / पॉलीथीन बैग में इकट्ठा करें और उबालते पानी में 1 घंटे के लिए डुबो दें ताकि बीजाणुओं को नष्ट किया जा सके।
- सड़न रोग, सुखा, गेड़ी सड़न और रूट रोट रोगों के नियंत्रण के लिए अत्यधिक सूखे जल जमाव वाली स्थिति को टाला जाना चाहिए।
- बीज गेड़ी को गर्म पानी से उपचार 50°C पर 2 घंटे के लिए किया जा सकता है।
- कवकनाशी (कार्बेन्डाजिम / 1 ग्राम / लीटर) के संयोजन में 2 घंटे के लिए 50 डिग्री सेल्सियस पर गर्म पानी का उपचार बीज जनित संक्रमण को नष्ट करने में सहायक होता हैं।
- पत्ती का बिमारियों के प्रबंधन के लिए 15–20 दिनों के अंतराल पर कॉपर ऑक्सीक्लोराइड या मैंकोजेब (2 ग्राम / लीटर) का छिड़काव करने की अनुशंसा की जाती है।
- आवश्यकता पड़ने पर नर्सरी में उचित जल निकासी और सिंचाई द्वारा गन्ने का डाम्सिंग–ऑफ रोग को नियंत्रित किया जा सकता है। पत्तियों पर छिड़काव अथवा मिट्टी को कॉपर ऑक्सीक्लोराइड / 0.2% से सराबोर (ड्रेंचिंग) करना चाहिए।
- रोग वाहक नियंत्रण हेतु इमिडाक्लोपिरिड 0.5 से 1.0 मिली / लीटर के हिसाब से छिड़काव करें।
- काटने वाले चाकुओं को लाइसोल या किसी अन्य एंटीसेप्टिक घोल से कीटाणुरहित करने से शाकाणु जनित रोगों के प्रसार में कफ़ी कमी पायी गयी है।

जैविक नियंत्रणः गन्ने में एकीकृत कीट प्रबंधन का एक महत्वपूर्ण अंग

पी.एस. शेरा और के.एस. संघा
कीट विज्ञान विभाग, पंजाब कृषि विश्वविद्यालय, लुधियाना, पंजाब

गन्ना भारत में सबसे महत्वपूर्ण नकदी फसल है। कीटों के कारण होने वाले नुकसान गन्ने की उपज और गुणवत्ता में कमी का एक प्रमुख कारण हैं। किसान आमतौर पर इन कीटों के नियंत्रण के लिए कीटनाशकों पर निर्भर रहते हैं। हालांकि, कीटों को नियंत्रित करने के लिए कई अलग–अलग सिंथेटिक रसायनों के अंधाधुंध और व्यापक रूप से अवैज्ञानिक उपयोग ने कई पारिस्थितिक प्रतिक्रियाओं को जन्म दिया है। इसके अलावा, फसल और रैटूनिंग की भौतिक विशेषता कीटनाशक के उचित उपयोग को सीमित करती है। इसके कारण, कीट प्रबंधन के लिए पर्यावरण के अनुकूल तरीकों में फिर से रुचि पैदा हुई है और जैविक नियंत्रण आधारित एकीकृत कीट प्रबंधन (BIPM) गन्ने की फसल के कीटों के लिए एक बहुत अच्छा विकल्प है। गन्ने की फसल के कीट परिसर को उनके नुकसान की प्रकृति और खाने की आदतों के आधार पर तीन श्रेणियों में विभाजित किया गया हैः

(i) **भूमिगत कीटः** दीमक

(ii) **चूसने वाले कीटः** व्हाइटफ्लाई (सफेद मक्खी), थ्रिप्स, ब्लैक बग, माइट और पाइरिला

(iii) **बोरर (बेधक)ः** अंकुर बेधक, चोटी (टॉप) बेधक, तना बेधक और इंटरनोड बेधक

क्षतिः

(i) **दीमकः** दीमक का हमला साल में दो बार होता है, एक बार अप्रैल से जून के दौरान और फिर अक्टूबर में। यह अंकुरित कलियों को नष्ट कर देता है और अंकुरण के बाद अंकुरों के सूखने का कारण बनता है।

